पेज थ्री देहरादून

कार्यक्रम के दौरान सीएम।





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पेशावर कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। पेशावर विद्रोह की वर्षगांठ के अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में, पेशावर विद्रोह के महानायक, महान स्वतंत्रता सैनानी, उत्तराखंड के सपूत स्वर्गीय वीर चन्द्रसिंह गढ़वाली और उनके साथी रॉयल गढ़वाल राइफल के सभी योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रदेश मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी आयोजित की। विचार गोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार, इतिहासकार और राज्य आंदोलनकारियों जय प्रकाश उत्तराखंडी ने पेशावर विद्रोह पर विस्तार से विचार व्यक्त किये।

### महिला ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड पुलिस ''मित्र पुलिस'' के मंत्र को एक महिला ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल द्वारा एक बार फिर सार्थक किया गया, उक्त महिला कांस्टेबल कमला राणा ने एक पत्रकार का गुम (खोया) हुआ मोबाईल वापस कर ईमानदारी की मिसाल पेश की। जिसके लिए पत्रकार द्वारा उन्हें धन्यवाद दिया गया।
जानकारी के अनुसार पिछले सायं रोज की तरह एक स्थानीय पत्रकार अपने कार्यालय के लिए घर से निकले रास्ते में धर्मपुर स्थित अग्रवाल बेकर्स के समीप उनका मोबाइल जेब छिटकर सड़क पर जा गिरा।

### विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में दून हाफ मैराथन का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। थ्रिल ज़ोन द्वारा आयोजित विश्व पृथ्वी दिवस देहरादून हाफ मैराथन के 9वें संस्करण को आज पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड पुलिस, अशोक कुमार, आईपीएस द्वारा पैसिफिक मॉल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हाफ मैराथन की थीम इन्वेस्ट इन अवर प्लैनेट थी।
हाफ मैराथन में राज्य भर से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिसमें 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी की दौड़ शामिल थी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी में अनुशासन बनाये रखने की पुरजोर वकालत की

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जिला/महानगर के अध्यक्षों/प्रदेश फ्रंटलों के अध्यक्षों एवं प्रदेश के प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपदवार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों द्वारा संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

# मलेरिया उन्मूलन के प्रति लोगों को किया जायेगा जागरूक

**गोष्ठी**

- विश्व मलेरिया दिवस पर प्रदेशभर में आयोजित होंगी गोष्ठी
- मलेरिया मुक्त हुये पर्वतीय जनपद, तराई क्षेत्र के जनपदों पर विभाग का फोकस

**संवाददाता**

देहरादून। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को प्रदेशभर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता गोष्ठियां आयोजित की जायेंगी। जिनमें लोगों को मलेरिया उन्मूलन के प्रति जागरूक किया जायेगा। प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि आगामी 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता गोष्ठियां आयोजित की जायेंगी। जिनमें लोगों को



मलेरिया उन्मूलन के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 'मलेरिया रोग के नियंत्रण एवं जान–माल की हानि को रोकने के लिए नई पहल एवं नई सोच का उपयोग' थीम के अंतर्गत जनपद स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मलेरिया रोग नियंत्रण में अग्रणी राज्यों में शुमार है। विभागीय मंत्री ने बताया कि राज्य में मलेरिया उन्मूलन अभियान के सफल संचालन के फलस्वरूप विगत वर्षों में सूबे में मलेरिया रोगियों की संख्या में 99.11 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2014 में राज्य में कुल 1466 केस दर्ज किये गये थे जिसके सापेक्ष वर्ष 2021 में मलेरिया के मात्र 13 रोगी सामने आये। उन्होंने कहा कि राज्य में मलेरिया रोग के पूर्णता उन्मूलन के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। डॉ0 रावत ने बताया कि राज्य के अधिकांश पहाड़ी जनपद मलेरिया मुक्त हैं, सिर्फ तराई क्षेत्र के जनपदों के कुछ क्षेत्र में ही मलेरिया सिमट कर रह गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य के छह जनपदों यथा अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, पिथौरागढ़, रूद्रप्रयाग एवं उत्तरकाशी में मलेरिया रोगियों की संख्या शून्य पाई गई है। इन जनपदों की मलेरिया मुक्त सार्टिफिकेशन की प्रक्रिया गतिमान है। इसके साथ ही वर्ष 2021 में देहरादून, पौड़ी, टिहरी एवं ऊधमसिंह नगर में भी मलेरिया रोगियों की संख्या शून्य पाई गई।

प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में 25 अप्रैल को प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत 'जीत–2' अभियान का शुभारम्भ करेंगे। इस अभियान मुख्य उद्देश्य राज्य में टीबी रोगियों को चिन्हित कर उन्हें सही उपचार देना है।

### स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भूषण ने मंत्री सुबोध उनियाल से की भेंट

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच उत्तराखंड के विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा वार्ता हुई। इस मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने वन एवं पर्यावरण मंत्री से विशेषतौर पर कोटद्वार विधानसभा में कंडी रोड के अंतर्गत पड़ने वाले लालढांग–चिल्लरखाल वन मोटर मार्ग के निर्माण कार्य को लेकर बातचीत कीद्यविधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लालढांग–चिलरखाल वन मोटर मार्ग का निर्माण होना ही चाहिए जिसे स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा हो सकेद्य वन एवं पर्यावरण मंत्री ने भी विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि लालढांग चिल्लरखाल वन मोटर मार्ग के निर्माण पर गंभीरता से कार्य करेंगे। अवगत है कि इस वन मोटर मार्ग के निर्माण के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने विगत दिनों वन एवं लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों के संग बैठक कर निर्माण कार्य में हो रही देरी में फंसे पेंचो को जानने की कोशिश की थी, जिसे लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए थे।

# सत्त विकास ग्रामसभा का पढ़ा संकल्प

**बैठक**

- पंचायतीराज दिवस पर पीएम मोदी से वर्चुअल रूप से जुड़े पंचायत प्रतिनिधि

**संवाददाता**

देहरादून। राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी द्वारा पाली ग्राम पंचायत जम्मू कश्मीर से देशभर की ग्राम पंचायतों को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जम्मू–कश्मीर में 20 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। जनपद देहरादून में एनआईसी सभागार में वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े



जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कार्मिक सतत् विकास ग्रामसभा का सकंल्प पढा। जनपद की ग्राम पंचायतों में वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री का सम्बोधन सुना गया साथ ही सत्त विकास ग्रामसभा का संकल्प पढ़ा।

कार्यक्रम में एनआईसी सभागार में उपाध्यक्ष जिला पंचायत दीपक पुण्डीर ने सभी जनपदवासियों को राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस की शुभकामना देते हुए प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को बढाते हुए पंचायतों को सशक्त करते हुए रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कालसी मठौर सिंह चौहान ने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस की शुभकामना देते हुए प्रधानमंत्री के ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने के संकल्प पर धरातल पर लाने हेतु कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 शिव कुमार बरनवाल ने कहा कि हम आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव मना रहे है। उन्होने पंचायतों का सशक्त बनाने तथा प्रत्येक ब्लॉक में आदर्श ग्राम बनाने के लिए कार्ययोजना पर अमल करने को कहा।

एनआईसी सभागार में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुण्डीर, ब्लॉक प्रमुख कालसी मठौर सिंह चौहान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. शिवकुमार बरनवाल, जिला पंचायत राज अधिकारी एम.एम खान सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

### बोर्ड बैठक में जन सरोकारों के मुद्दों को मुख्य रूप से उठाएंगे कांग्रेस के पार्षद

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम में सोमवार को होने वाली बोर्ड बैठक के मद्देनजर कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस पार्षदों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोमवार को होने वाली नगर निगम की बोर्ड बैठक का मसौदा तैयार किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पार्षदों ने जन सरोकारों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान यह बात भी निकल कर आई कि जगह–जगह नगर निगम के द्वारा नए खंभे तो लगा दिए गए हैं और उनमें लाइटों की व्यवस्था नहीं की गई है। कूड़े की गाड़ी भी सभी वार्डों में नियत समय पर ना पहुंचने की वजह से कई वार्डों में कूड़े का ढेर लग गया है। विपक्ष के पार्षदों ने सर्वसम्मति से यह बात उठाई की नगर निगम में खुलकर पक्षपात हो रहा है नॉमिनेट पार्षद हों या सत्तारूढ़ दल के पार्षद उन्हें ज्यादा संसाधन मुहैया कराए जा रहे हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।